901

# 801 (HE)

## 2018

## हिन्दी

### केवल प्रश्न-पत्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [पूर्णांक : 70

---

*निर्देश : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।*

---

1. (क) निम्नलिखित कथनों में से कोई *एक* कथन सही है, उसे पहचान कर लिखिए : 1

(i) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल एक सुप्रसिद्ध कवि हैं।

(ii) 'ममता' जयशंकर प्रसाद का एक महाकाव्य है।

(iii) 'गोदान' प्रेमचन्द का प्रसिद्ध उपन्यास है।

(iv) 'झाँसी की रानी' के लेखक उपेन्द्रनाथ 'अश्क' हैं।



http://www.upboardonline.com

Scanned with CamScanner

(ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी एक कृति के लेखक का नाम लिखिए :

(i) तीर्थसलिल

(ii) उजली आग

(iii) ठूँठा आम

(iv) हिमालय की पुकार

(ग) 'कंकाल' किस विधा की रचना है ? 1

(घ) 'कलम का सिपाही' के लेखक का नाम लिखिए। 1

(ङ) हिन्दी के किसी एक नाटककार का नाम लिखिए। 1

2. (क) रीतिकाल की दो प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए। 2

(ख) छायावाद की दो विशेषताएँ लिखिए। 2

(ग) प्रयोगवाद की किसी एक प्रवृत्ति का उल्लेख कीजिए। 1



http://www.upboardonline.com

Scanned with CamScanner

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी *एक* के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2+2+2=6

(क) मित्र का कर्तव्य इस प्रकार बताया गया है — उच्च और महान कार्य में इस प्रकार सहायता देना, मन बढ़ाना और साहस दिलाना कि तुम अपनी निज की सामर्थ्य के बाहर काम कर जाओ । यह कर्तव्य उसी से पूरा होगा, जो दृढ़ चित्त और सत्य-संकल्प का हो । इससे हमें ऐसे ही मित्रों की खोज में रहना चाहिए, जिनमें हमसे अधिक आत्मबल हो । हमें उसका पल्ला उसी तरह पकड़ना चाहिए, जिस तरह सुग्रीव ने राम का पल्ला पकड़ा था । मित्र हों तो प्रतिष्ठित और शुद्ध हृदय के हों, मृदुल और पुरुषार्थी हों, शिष्ट और सत्यनिष्ठ हों, जिससे हम अपने को उनके भरोसे पर छोड़ सकें और यह विश्वास कर सकें कि उनसे किसी प्रकार का धोखा न होगा ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iii) मित्र का कर्तव्य कैसा होना चाहिए ?



http://www.upboardonline.com

Scanned with CamScanner

(ख) आज विज्ञान मनुष्यों के हाथों में अद्भुत और अतुल शक्ति दे रहा है, उसका उपयोग एक व्यक्ति और समूह के उत्कर्ष और दूसरे व्यक्ति और समूह के गिराने में होता ही रहेगा । इसलिए हमें उस भावना को जाग्रत रखना है और उसे जाग्रत रखने के लिए कुछ ऐसे साधनों को भी हाथ में रखना होगा, जो अहिंसात्मक त्यागभावना को प्रोत्साहित करें और भोग-भावना को दबाए रखें । नैतिक अंकुश के बिना शक्ति मानव के लिए हितकर नहीं होती ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iii) विज्ञान की शक्ति के संतुलित उपयोग के लिए किस भावना को जाग्रत रखना आवश्यक है ?



http://www.upboardonline.com

Scanned with CamScanner

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी *एक* की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए तथा उसका काव्य-सौन्दर्य भी स्पष्ट कीजिए : *1+4+1=6*

(क) या अनुरागी चित्त की, गति समुझै नहिं कोइ ।
ज्यौं-ज्यौं बूड़े स्याम रंग, त्यौं-त्यौं उज्जलु होइ ।।
बसै बुराई जासु तन, ताही को सनमानु ।
भलौ-भलौ कहि छोडियै, खोटैं ग्रह जपु दानु ।।

(ख) श्वास ये संगी तरंगी क्षण प्रतिक्षण
और प्रति पदचिह्न परिचित पंथ के कण
शून्य का शृंगार तू
उपहार तू किस काम मेला
बढ़ अकेला

(क) निम्नलिखित में से किसी *एक* लेखक का जीवन-परिचय दीजिए और उसकी किसी *एक* रचना का नाम लिखिए : *2+1=3*

(i) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(ii) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(iii) जयप्रकाश भारती

(ख) निम्नलिखित में से किसी *एक* कवि का जीवन-परिचय दीजिए तथा उसकी किसी *एक* रचना का नाम लिखिए : *2+1=3*

(i) तुलसीदास
(ii) बिहारीलाल
(iii) महादेवी वर्मा



http://www.upboardonline.com
Scanned with CamScanner

6. निम्नलिखित का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1+2

एषा नगरी भारतीय संस्कृतेः संस्कृतभाषायाश्च केन्द्रस्थली अस्ति । इत एव संस्कृत-वाङ्मयस्य संस्कृतेश्च आलोकः सर्वत्र प्रसृतः । मुगलयुवराजः दाराशिकोहः अत्रागत्य भारतीय दर्शन-शास्त्राणाम् अध्ययनम् अकरोत् । स तेषां ज्ञानेन तथा प्रभावितः अभवत्, यत् तेन उपनिषदाम् अनुवादः पारसीभाषायां कारितः ।

**अथवा**

नीर-क्षीर-विवेके हंसालस्यं त्वमेव तनुषे चेत् ।
विश्वस्मिन्नधुनान्यः कुलव्रतं पालयिष्यति कः ।।

7. (क) अपनी पाठ्यपुस्तक से कंठस्थ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो । 2

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 1+1=2

(i) कुत्र मरणं मंगलं भवति ?

(ii) ग्रामीणान् कः उपाहसत् ?

(iii) विद्या केन वर्धते ?

http://www.upboardonline.com

Scanned with CamScanner

(क) करुण रस **अथवा** हास्य रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । 2

(ख) रूपक **अथवा** उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा सोदाहरण लिखिए । 2

(ग) 'रोला' **अथवा** 'सोरठा' छंद का लक्षण और उदाहरण लिखिए । 2

(क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं *तीन* के मेल से एक-एक शब्द बनाइए : *1+1+1=3*

(i) अप

(ii) प्र

(iii) अधि

(iv) अभि

(v) परि

(vi) सु

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* प्रत्ययों का प्रयोग करके एक-एक शब्द बनाइए : *1+1=2*

(i) आई

(ii) ता

(iii) वट

(iv) त्व

(v) पन



http://www.upboardonline.com

Scanned with CamScanner

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* के समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए : 1+1=2

(i) त्रिलोक

(ii) तुलसीकृत

(iii) सत्याग्रह

(iv) चन्द्रमुख

(v) जल-थल

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* के तत्सम रूप लिखिए : 1+1=2

(i) कपड़ा

(ii) मुँह

(iii) घर

(iv) दूध

(v) धरती

(ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 2

(i) नदी

(ii) पर्वत

(iii) इन्द्र

(iv) फूल

(v) हाथी

4-5

801 (HE)



http://www.upboardonline.com

Scanned with CamScanner

10\. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* में सन्धि-विच्छेद कीजिए और सन्धि का नाम लिखिए : 1+1=2

(i) प्रत्युत्तरम्

(ii) तथैव

(iii) देवैश्वर्यम्

(iv) गुर्वादेशः

(ख) निम्नलिखित शब्दों के षष्ठी विभक्ति, एकवचन के रूप लिखिए : 1+1=2

(i) मति अथवा फल

(ii) युष्मद् अथवा तद् (वह) (पुंल्लिङ्ग)

(ग) निम्नलिखित में से किसी *एक* की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन लिखिए : 2

(i) पचति

(ii) अपठाम्

(iii) पश्यतु

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : 2

(i) देशभक्त निर्भीक होते हैं ।

(ii) अपने राष्ट्र की रक्षा करना हमारा धर्म है ।

(iii) वृक्ष से फल गिरते हैं ।

(iv) दान से कीर्ति बढ़ती है ।

P.T.O.



http://www.upboardonline.com

Scanned with CamScanner

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी *एक* विषय पर निबन्ध लिखिए : 6

(i) पर उपदेश कुशल बहुतेरे

(ii) मेरी प्रिय पुस्तक

(iii) जीवन में अनुशासन का महत्त्व

(iv) किसी मेले का आँखों देखा वर्णन

12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी *एक* प्रश्न का उत्तर लिखिए : 3

(क) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग और तृतीय सर्ग की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए ।

(ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर सुभाषचन्द्र बोस का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ख) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

(ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।



http://www.upboardonline.com

Scanned with CamScanner

(ग) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर षष्ठ सर्ग 'राम-भरत-मिलन' का सारांश लिखिए ।

(ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर कैकेयी का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(घ) (i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

(ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के आधार पर गाँधी जी का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ङ) (i) 'मेवाड़-मुकुट' खण्डकाव्य के नायक का चरित्रांकन कीजिए ।

(ii) 'मेवाड़-मुकुट' खण्डकाव्य की कथा संक्षेप में लिखिए ।

(च) (i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर पं. जवाहरलाल नेहरू का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथा संक्षेप में लिखिए ।

P.T.O.



http://www.upboardonline.com

Scanned with CamScanner

(छ) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(ज) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के चतुर्थ सर्ग 'श्रीकृष्ण और कर्ण' का सारांश लिखिए।

(झ) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य की कथा का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए।

http://www.upboardonline.com

Scanned with CamScanner